पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी ऑफ इडिया का 33वां सम्मेलन वर्धा में

## हिंदी विश्वविद्यालय में 'गांधी जी एवं जनसंपर्क' पर होगा विमर्श

## देश-विदेश के 200 प्रतिभागी करेंगे शिरकत




वर्धा दि. 16 दिसंबर 2011: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में दि. 24 दिसंबर को पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) का 33 वॉ अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्मेलन का उदघाटन विवि के कुलपति विभूति नारायण राय की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के हबीब तनवीर प्रेक्षागार में शनिवार दि. 24 दिसंबर को दोहपर 03.00 बजे किया जाएगा। इस सम्मेलन में इंटरनेशनल पब्लिक रिलेशन्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रिचर्ड लिनिंग, कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय, रामटेक के कुलपति डॉ. पंकज चांदे, पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजीत पाठक, पं. मदन मोहन मालवीय पत्रकारिता संस्थान, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के अधिष्ठाता एवं मीडियाविद प्रो. राममोहन पाठक मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह में 'महात्मा गांधी एवं जनसंपर्क' विषय पर विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. ए. अरविंदाक्षन, कुलसचिव डॉ. कैलाश खामरे, पत्रकार, जनसंपर्क अधिकारी तथा वर्धा के गणमान्य अतिथि प्रमुखता से उपस्थित रहेंगे।

विदित हो कि यह सम्मेलन 23, 24 और 25 दिसंबर को नागपुर में आयोजित हो रहा है। सम्मेलन के दूसरे दिन 24 दिसंबर को नागपुर में सम्मिलित प्रतिभागी वर्धा आएंगे।

वे पवनार में आचार्य विनोबा आश्रम और सेवाग्राम में बापू कुटी को भेट देंगे। सम्मेलन का उदघाटन महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री श्री पृथ्वीराज चौहान शुक्रवार दि. 23 दिसंबर को पूर्वाह्न 9.30 बजे नागपुर में करेंगे। समारोह की अध्यक्षता इंटरनेशनल पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी के अध्यक्ष रिचर्ड लिनिंग करेंगे। इस अवसर पर स्मारिका का विमोचन भी अतिथिगण करेंगे। उदघाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में वेस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड के सीएमडी डी. सी. गर्ग तथा इंडियन आयल कारपोरेशन लिमिटेड के निदेशक (मानव संसाधन) सुधीर भल्ला उपस्थित रहेंगे। इस सम्मेलन का मुख्य विषय होगा 'रोल ऑफ पब्लिक रिलेशन्स इन ब्रॅडिंग'।

इस सम्मेलन में देश-विदेश के करीब तीन सौ प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसमें जनसंपर्क, पत्रकारिता तथा विज्ञापन क्षेत्र के विशेषज्ञ मार्गदर्शन करेंगे। सम्मेलन का समापन रविवार दि. 25 दिसंबर को होगा जिसमें दत्ता मेघे इस्टिटयूट ऑफ मेंडिकल साइंसेज के उपकुलाधिपति डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा

संबोधित करेंगे। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में वेकोलि के निदेशक (कार्मिक) रूपक दयाल तथा मॉरिशस के जनसंपर्क विशेषज्ञ जॉन मेरी एफ. रिचर्ड उपस्थित रहेंगे।

नागपुर तथा वर्धा में आयोजित इस तीन दिवसीय सम्मेलन में विजय फणशीकर, संपादक द हितवाद, प्रो. उमा भूषण, मुंबई, डॉ. स्वाति नलावडे, हेड ऑफ एकेडमिक्सि, सिम्बॉयसिस इंस्टिटयूट ऑफ मीडिया एंड कम्यूनिकेशन्स, पुणे, अनुज दयाल, दिल्ली मेट्रो, रवीन्दर सिंघल, नागपुर, राजन शर्मा, इंटरएड लिमिटेड, गुडगांव, जगदीश रतनानी, फ्री प्रेस जर्नल, ललित खुल्लर, मोइज हक, नागपुर विश्वविद्यालय, पी. जे. थॉमस, राम दोतोंडे, एच. एस. जाफरी, पीआरओ, टाटा मेमोरियल हॉस्पीटल, मुंबई आदि अपनी प्रस्तुति देंगे। इस सम्मेलन में उपस्थित रहने की अपील जनसंपर्क अधिकारी बी. एस. मिरगे तथा पब्लिक रिलेशन्स सोसायटी ऑफ इंडिया के नागपुर चेप्टर के अध्यक्ष सत्येन्द्र प्रसाद सिंह ने की है।

**21 को विवि में निंबध प्रतियोगिता का आयोजन**

विश्वविद्यालय में शनिवार दि. 24 दिसंबर को होने वाले जनसंपर्क सम्मेलन के उपलक्ष्य में बुधवार दि. 21 दिसंबर को दोहपर 3 से 4 बजे के बीच 'गांधी जी की पत्रकारिता और वर्तमान संदर्भ' विषयपर विश्वविद्यालय के शोधार्थी, विद्यार्थी तथा वर्धा स्थित महाविद्यालयों के छात्रों के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र में सम्पन्न होगी।

बी. एस. मिरगे

जनसंपर्क अधिकारी